# पुलिसकर्मियों के बच्चों के लिए प्रदेशभर में समर कैम्प

भोपाल (काप्र)।

**मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने हाल ही में कानून व्यवस्था की समीक्षा के दौरान पुलिसकर्मियों को तनावमुक्त रहने और परिवार व बच्चों पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी।**



उन्होंने बच्चों में कला, कौशल, आत्मविश्वास, समाजसेवा, अनुशासन, खेल भावना और मानवीय मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाने का सुझाव भी दिया। इसी बात को अमल में लाते हुए मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा पहली बार प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों के साथ-साथ 22 बटालियनों एवं सभी जीआरपी यूनिटों में समर कैंप्स के आयोजन किए जा रहे हैं। मई, जून में एक माह तक चलने वाले समर कैंप्स में पढ़ाई, खेलकूद, कला, कैरियर मार्गदर्शन और अन्य गतिविधियों के माध्यम से बच्चों द्वारा ग्रीष्मकालीन अवकाश का सदुपयोग किया जा रहा है, जिनमें लगभग 11 हजार से अधिक बालक बालिकाएं और महिलाएं शामिल हो रहे हैं। प्रदेश के सभी जिलों में आयोजित समर कैम्प में 38 गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इन गतिविधियों में फुटबॉल, वास्केटबॉल, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, कबड्डी, हॉकी, कराते, जूडो, कुश्ती, डांस, म्यूजिक, मलखंभ आर्ट एंड क्राफ्ट, एथेलेटिक्स, कम्प्यूटर क्लास, मैथ्स क्लास, स्केटिंग, शतरंज, स्पोकन इंग्लिश, ब्यूटी पार्लर, योगा, जुम्बा, रंगोली, पेंटिंग, मेहंदी, थियेटर, कुकिंग, सिलाई, घुड़सवारी, टेनिस, टेबल टेनिस, ड्रायविंग, खो-खो, मार्शल आर्ट, बॉक्सिंग, साइकिलिंग, क्रिकेट, फन गेम्स आदि शामिल हैं। ग्रीष्मकालीन शिविरों में भाग लेने वाले बच्चों के समय व्यक्तित्व विकास पर विशेष ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। शिक्षा और केरियर की प्लानिंग के महत्व को स्वीकार करते हुए समर कैम्पों में आयोजित सत्रों में विविध क्षेत्रों के पेशेवरों द्वारा मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है। विशेषज्ञ विभिन्न कैरियर विकल्पो, शैक्षणिक अवसरों और आवश्यक कौशल विकास में मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्रदान कर रहे हैं। समर कैंप्स में शारीरिक फिटनेस और खेल कौशल के महत्व पर विशेष जोर देते हुए विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है, जिससे बच्चे शारीरिक रूप से सक्षम हो रहे हैं साथ ही उन्हें टीमवर्क, खेल भावना और अनुशासन जैसे विभिन्न गुणों को सीखने का अवसर मिल रहा है। समर कैम्प बच्चों को मनोरंजक गतिविधियों में संलग्न होने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।

# प्रधानमंत्री मोदी अगले माह प्रदेश के किसानों को देंगे सौगातें

भोपाल (काप्र)।

**मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव नवंबर में होना हैं। भाजपा किसानों का साथ पाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रही है। अब इन्हें साधने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मध्य प्रदेश आएंगे। जून में किसान महासम्मेलन प्रस्तावित किया जा रहा है। इसमें वे किसानों के खातों में फसल बीमा के तीन हजार करोड़ रुपये अंतरित करने की शुरुआत करने वाले हैं।**

दरअसल देश में किसान बड़ा वोट बैंक हैं और किसानों ने वर्ष 2018 के मप्र विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को दो लाख रुपये का ऋण माफ करने के वचन के कारण समर्थन दिया था। इसकारण कांग्रेस 230 सदस्यीय विधानसभा में 114 सीटें जीती थी। पार्टी ने इस बार भी किसानों को ऋण माफी का वचन दिया है। रबी और खरीफ की फसलें वर्ष 2021-22 में अतिवृष्टि के कारण प्रभावित हुई थीं। सरकार ने उक्त वर्ष में न्यूनतम एक हजार रुपये का फसल बीमा देने का प्रविधान किया था। इसके कारण 44 लाख किसानों ने बीमा कराया। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि लगभग तीन हजार करोड़ रुपये के बीमा दावे मंजूर हुए हैं। अब बीमा की राशि किसानों के खातों में अंतरित की जानी है। इसके लिए मुख्यमंत्री कार्यालय को प्रस्ताव भेजा गया है। सरकारी सूत्रों का कहना है कि सरकार चुनावी वर्ष में किसानों को साधने के लिए बड़ा कार्यक्रम करना चाहती है। साथ ही, राज्य सरकार ने हाल ही में 11.9 लाख किसानों की 2,123 करोड़ रुपये की ब्याज माफी देने का निर्णय लिया है। यह इस दृष्टि से बड़ा कदम है कि ब्याज माफी से इन किसानों को जून से सहकारी समितियों से खाद-बीज मिलने लगेगा, जो अपात्र होने के कारण बंद हो गया था। इसी तरह राज्य सरकार प्रधानमंत्री फसल बीमा का लाभ भी 15 लाख से अधिक किसानों को देने जा रही है।

## खास-खबरें

### पं.प्रदीप मिश्रा भोपाल में सुनाएंगे शिवपुराण

**भोपाल।** कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा भोपाल में शिव महापुराण कथा सुनाएंगे। इस लेकर शहर में भव्य तैयारियों शुरू हो गई है। शिव महापुराण की कथा सुनने के लिए कई जिलों से शिवभक्त के आने का अनुमान है। शहर के अन्ना नगर स्थित दशहरा मैदान में 10 से 14 जून तक कथा का आयोजन किया जाएगा। पंडित मिश्रा भगवान भोलेनाथ शिव महापुराण कथा का वाचन करेंगे। सूत्रों के मुताबिक कथा के लिए विशाल पंडाल बनाया जा रहा है। कथा को सुनने के लिए हजारों की संख्या में भक्त पहुंचेंगे। गर्मी को मद्दे नजर रखते हुए तमाम इंतजाम किए जाएंगे।

### नगर निगम की परिषद का साधारण सम्मिलन आज

**भोपाल।** नगर पालिक निगम, भोपाल की परिषद का साधारण सम्मिलन शनिवार, 20 मई 2023 को प्रातः 11ः00 बजे आई.एस.बी.टी स्थित निगम सभा कक्ष में आहूत किया गया है। सम्मिलन में कार्यसूची में सम्मिलित विषयों पर चर्चा की जायेगी।

### सुदर्शन चक्र कोर ने मिलिट्री स्टेशन में 34वां स्थापना दिवस मनाया

**भोपाल।** सुदर्शन चक्र कोर ने भोपाल मिलिट्री स्टेशन में अपना 34वां स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर कोर युद्ध स्मारक पर अनेक अफसरो ने राष्ट्र के लिए बलिदान देने वाले वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि देते हुए स्वयं से पहले सेवा की प्रतिज्ञा दोहराने का आव्हान किया। अधिकारियो ने पूर्व सैनिकों को राष्ट्र के लिए उनकी सेवा के लिए धन्यवाद देते हुए आश्वासन दिया कि कोर हमेशा अपनी वीर नारियों के साथ-साथ पूर्व सैनिकों की देखभाल करने का प्रयास करेगा। जानकारी के अनुसार सुदर्शन चक्र कोर ढाई लाख लाख से अधिक पूर्व सैनिकों और वीर नारियों की देखभाल कर रहा है।

### प्रदेश में बारिश के दो सिस्टम फिर एक्टिव नौतपा में हो सकती है हल्की बारिश

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में बारिश के दो सिस्टम एक्टिव हो गए हैं। इस कारण प्रदेश के कई हिस्सों में मौसम बदला हुआ है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है, कि नमी से लोकल सिस्टम बना होने के कारण आंधी-बारिश हो रही है, और मई महीने के आखिरी तक ऐसा ही मौसम रहने का अनुमान है। वहीं 25 मई से शुरु होने वाले नौतपा के तीन-चार दिन भी हल्की बारिश हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार भोपाल संभाग के जिलों के अलावा दतिया, मुरैना, भिंड, ग्वालियर, नर्मदापुरम, छिंदवाड़ा, जबलपुर, सागर, सीधी, सिंगरौली, दमोह, नरसिंहपुर, सिवनी और कटनी में भी हल्की बारिश हो सकती है। प्रदेश में पिछले कुछ दिन से गरज-चमक की स्थिति बनी रही। इसकी वजह जम्मू-कश्मीर के ऊपर वेस्टर्न डिस्टर्बेंस और ट्रफ लाइन विदर्भ से तमिलनाडु तक गुजरना रहा। इस कारण मध्यप्रदेश में बारिश हो रही थी। लोकल सिस्टम के एक्टिव होने से भी दोपहर बाद बादल छा रहे हैं। आगामी कुछ दिन तक यह स्थिति बनी रहेगी।

### मप्र मानव अधिकार आयोग पहुंचा खुलेआम शराब परोसे जाने का मामला

**भोपाल।** शहर के कटारा हिल्स इलाके में सरकारी जमीन पर खुलेआम झोपड़ा बनाकर शराब परोसे जाने का मामला मप्र मानव अधिकार आयोग तक पहुंच गया है। आयोग ने कलेक्टर को इसकी जांच कराने और की गई कार्यवाही के संबंध में तीन सप्ताह के भीतर प्रतिवेदन भेजने के निर्देश दिए हैं। गौरतलब है, कि रहवासियों ने इसपर अपनी कड़ी आपत्ति दर्ज कराते हुए सीएम हेल्प लाइन सहित कलेक्टर को भी शिकायत करते हुए महिलाओ, बच्चों और वृद्धो के साथ धरने पर बैठने की चेतावनी भी दी थी। आयोग के संज्ञान में आया है, कि रहवासियों का दावा है, कि शराब के नशे में कुछ लोग क्षेत्र में आधी रात को हंगामा करते हैं, मकानों के आसपास गंदगी भी फैलाते हैं। साथ ही आपस में झगड़े भी करने लगते हैं।

# तीर्थयात्रियों को लेकर 21 मई को रवाना होगी पहली उड़ान

भोपाल(काप्र)।

**मध्यप्रदेश में तीर्थ यात्रियों की हवाई उड़ान 21 मई से शुरू हो जाएगी। इसके साथ बुजुर्गों को हवाई यात्रा करवाने वाला मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य बन जाएगा।**

सीएम शिवराज सिंह चौहान भोपाल एयरपोर्ट पर तीर्थ दर्शन योजना के विमान को हरी झंडी दिखाकर यात्रा की शुरुआत करेंगे। पहले चरण में 24 पुरुष और 8 महिलाएं प्रयागराज जाएंगे। 16 जून को तीर्थयात्री कोलकाता होते हुए गंगासागर पहुंचेंगे। सीएम 21 मई को सुबह 9 बजकर 50 मिनट पर भोपाल एयरपोर्ट से प्रयागराज के लिए तीर्थ-यात्रियों के इंडिगो विमान को हरी झंडी दिखाएंगे। योजना में प्रदेश के 65 वर्ष से अधिक आयु के ऐसे वरिष्ठ नागरिक जो आयकर दाता नहीं है, लाभान्वित होंगे। तीर्थ-यात्रियों के साथ एक अनुरक्षक भी रहेगा। तीर्थ-यात्रियों की सहायता के लिए भोपाल एयरपोर्ट पर एक काउंटर भी बनाया जाएगा। तीर्थ-यात्री प्रयागराज में दर्शन कर सोमवार शाम तक वापस भोपाल लौट आएंगे। हवाई यात्रा से बुजुर्ग यात्रियों की यात्रा 24 से 36 घंटे में पूर्ण हो जाएगी। इसके आगामी चरण में आगर-मालवा, बैतूल, देवास, खंडवा, हरदा, मंदसौर, नर्मदापुरम, नीमच, बड़वानी, इंदौर, दमोह, बुरहानपुर, रतलाम, शाजापुर, सागर, खरगोन, विदिशा, अलीराजपुर, राजगढ़, सीहोर, धार, रायसेन और झाबुआ के तीर्थ यात्री भी अलग-अलग धर्म स्थलो के दर्शन करने जायेगें।

### प्रदेश की संस्कृति एवं विरासत से प्रभावित हुए म्यांमार के प्रतिनिधि

*मध्यप्रदेश में बौद्ध धर्म, स्तूप, कला एवं संस्कृति की शिक्षा और अनुसंधान के लिए म्यांमार के संस्कृति मंत्रालय के प्रतिनिधियों ने विश्व धरोहर स्थल साँची एवं भोपाल का भ्रमण किया। मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा प्रतिनिधियों को साँची के स्तूप और भोपाल के जनजातीय संग्रहालय का भ्रमण करवाया गया। प्रतिनिधियों ने कहा कि मध्यप्रदेश में बौद्ध धर्म की शिक्षा, उपदेश और सिद्धांत समझने का मौका मिला है। भगवान बुद्ध के शांति, मानवता, विश्व कल्याण के संदेश और उपदेश के विस्तार के लिए साँची में बने स्तूप से सभी प्रभावित हुए। पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के प्रमुख सचिव एवं मप्र टूरिज्म बोर्ड के प्रबंध संचालक शिव शेखर शुक्ला ने कहा कि ये परिचय यात्राएँ (फैम ट्रीप) हमारे और इन एशियाई देशों के बीच घनिष्ठ संबंध स्थापित करने का एक बड़ा अवसर प्रदान करती हैं। भारत और एशिया के पर्यटन क्षेत्र में सद्भाव और विकास सुनिश्चित करने के लिए एक-दूसरे की संस्कृतियों और मूल्यों को साझा करना प्रमुख उद्देश्य है।*

# खस्ताहाल सड़कों से परेशान हैं कोहेफिजा कालोनी के रहवासी

**भोपाल। शहर की कोहेफिजा कालोनी की खस्ताहाल सड़को के कारण वृद्ध जन, कोचिंग जाने वाले विधार्थियों सहित महिलाओ की जान आफ़त में है।**

रहवासियो का कहना है कि भोपाल नगर निगम सीमा के अन्तर्गत कोहेफिजा कालोनी की सड़को की हालत काफी खराब हो गई है। इन सड़कों पर बुर्जुग लोगों और दो पहिया वाहन से कोचिंग सेंटर जाने वाले विघार्थी भी काफी परेशान है, वही जगह-जगह गड्ढे और उबड़ खाबड़ सड़को पर पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। रहवासियों द्वारा कई बार गुहार लगाने पर कुछ समय पहले इन गड्ढों में मिट्टी भर दी गई थी। लोगो की परेशानी यह है कि कुछ दिनों बाद बारिश का मौसम आने वाला है, जिससे यहाॅ हादसे होने का खतरा बढ़ जायेगा। आरोप है कि नगर निगम चुनाव में रहवासियों ने सड़क का मुद्दा उठाया था, उस समय महापौर और वार्ड पाषर्द ने इन सड़को की सेहत सुधारने का वादा किया था, लेकिन अब जनप्रतिनिधि अपना वादा भूल गये है। लोगो का कहना है कि यहां के अधिकांश रहवासी समय पर संपत्ति, नल, बिजली, रोड टैक्स के साथ अतिरिक्त प्रभार भी अदा करते हैं। लेकिन इस क्षेत्र के ना तो रोड़ सही है, ना ही सफाई व्यवस्था ओर ना ही गार्डन की सफाई व्यवस्था बेहतर है। गुस्साये रहवासियो का कहना है कि आने वाले चुनाव से पहले यदि यहाॅ की सड़के नहीं बनाई गई तो पूर्व में वादा करने वाले जनप्रतिनिधियो को इसका खामियाजा भुगतना होगा।

# पीएससी भोपाल के 51 केन्द्रों पर 23945 अभ्यर्थी होंगे शामिल

भोपाल(काप्र)।

उपायुक्त राजस्व भोपाल ने बताया है कि मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग की संयुक्त राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा - 2022 की परीक्षा रविवार 21 मई को भोपाल के 51 केन्द्रों पर दो सत्रों में प्रात: 10 बजे से 12 बजे तक एवं अपरान्ह 2.15 से 4.15 बजे तक सम्पन्न होगी । उन्होंने बताया कि भोपाल के 51 शिक्षण संस्थाओं में परीक्षा सम्पन्न होगी और परीक्षा में भोपाल के कुल 23 हजार 945 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे ।

# ईवीएम, वीवीपीएटी मशीनों की एफएलसी वर्कशॉप आज भोपाल में

**भोपाल( काप्र )। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया है कि ईवीएम, व्हीव्ही पीएटी मशीनों की एफएलसी वर्कशॉप 20 मई को कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कवेंशन सेंटर भोपाल में होगी।**

भारत निर्वाचन आयोग दिल्ली से आए प्रशिक्षकों द्वारा ईवीएम, व्हीव्हीपीएटी मशीनों के बारे में जिला निर्वाचन अधिकारियों और उप जिला निर्वाचन अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसमें 6 संभाग के 31 जिलों के कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी और उप जिला निर्वाचन अधिकारी शामिल होंगे। वर्कशॉप में भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के सचिव मुधसूदन गुप्ता, अनुभाग अधिकारी शिवम अरोरा, ईवीएम नोडल असम श्रीमती ईमली बरूआ, ईवीएम नोडल पश्चिम बंगाल सुमंता रॉय और ईवीएम नोडल पंजाब विपुल उज्जवल शामिल होंगे। वर्कशॉप में 31 जिलों के कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी और उप जिला निर्वाचन अधिकारी शामिल होंगे। इसमें भोपाल, राजगढ़, सीहोर, विदिशा, रायसेन, नर्मदापुरम, हरदा, बैतूल, ग्वालियर, भिंड, मुरैना, श्योपुर, दतिया, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, उज्जैन, रतलाम, मंदसौर, नीमच, देवास, शाजापुर, आगर मालवा, इंदौर, खंडवा, खरगोन, बुरहानपुर, धार, बड़वानी, झाबुआ एवं अलीराजपुर जिले के कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी और उप जिला निर्वाचन अधिकारी शामिल हैं।

# एनएचडीसी के अधिकारियों ने भी किया पौधरोपण

भोपाल(काप्र)।

**मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने श्यामला हिल्स स्थित उद्यान में पीपल, चंपा और करंज के पौधे लगाए। मुख्यमंत्री के साथ नर्मदा हाइड्रोइलेक्ट्रिकल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (एनएचडीसी) के प्रबंध निदेशक विजय कुमार सिन्हा ने पौधे रोपे।**



एनएचडीसी द्वारा जल विद्युत ऊर्जा के साथ नवकरणीय तथा हरित ऊर्जा के क्षेत्र में संचालित गतिविधियों में वर्तमान में साँची तथा ओंकारेश्वर में सौर ऊर्जा इकाइयाँ स्थापित की जा रही हैं। इस पहल से प्रदेश को प्रदूषणमुक्त सस्ती बिजली निरंतर उपलब्ध हो सकेगी। पौध-रोपण में एनएचडीसी के अधिकारी भी शामिल हुए। मुख्यमंत्री के साथ श्रीमती विनोदिनी श्रीवास्तव ने पौधे रोपे। मुख्यमंत्री ने श्रीमती श्रीवास्तव द्वारा लिखित पुस्तक सरल सुबोध गीता का विमोचन भी किया। उनके परिवार से विजय श्रीवास्तव, पंकज श्रीवास्तव, वत्सल श्रीवास्तव, विभा श्रीवास्तव तथा अन्य सदस्यों ने भी पौधे लगाए। श्री चौहान के साथ आरपी शर्मा, श्रीमती मुन्नी शर्मा, सरस्वती शर्मा तथा राजेंद्र मेहता भी पौधरोपण में शामिल हुए।

शहीद हेमू कालाणी एज्युकेशन सोसायटी द्वारा जल सेवा अभियान

# स्टेशन पर प्यासे कंठों की बुझा रहे प्यास

भोपाल (हिनप्र)।

**संतनगर में हर साल गर्मियों में समाजसेवी रेलवे स्टेशन पर जल सेवा करते हैं। उनके शीतल पेय अभियान का हिस्सा शहीद हेमू कालाणी एज्युकेशन सोसायटी में सेवाएं देने वाले बस चालक, ड्राइवर और हेल्पर्स भी बनते हैं।**



अभियान की शुरूआत सालों पहले रेल सुविधा संघर्ष समिति ने की थी, जो एक मई से शुरू हो गई है। जैसे ही कोई ट्रेन आने को होती है, ये कार्यकर्त्ता पानी की टंकियों से भरी ट्रालियों के साथ हाथों में जग लेकर पूरे प्लेटफार्म पर फ़ैल जाते हैं। वे %पानी, पानी, ठंडा पानी फ्री ठंडा पानी ले लो की आवाजें लगाने लगाते हैं। उनकी आवाज सुनते ही ट्रेन की खिड़कियों से बोतलों के साथ कई हाथ बाहर आ जाते हैं। कार्यकर्ताओं जगों व कीपों से तत्काल भर देते हैं। जल सेवा के लिए दोनों प्लेटफार्मों पर भी स्थायी स्टाल भी लगाए गए हैं यात्री ट्रेन से उतरकर भी अपनी बोतलों में पानी भरवाते हैं। जल अभियान में 24 ड्राइवरों एवं हेल्परों की टीम लगी हुई है, जिसके सुबह सात से दोपहर डेढ़ बजे तक 12 कर्मचारी और दोपहर एक बजे से शाम साढ़े सात तक दूसरी टीम के 12 कर्मचारी अपनी सेवाएं देते हैं। इस काम के लिए गणेश मालवीय को प्रभारी बनाया गया है। सिद्धभाऊ ने कहा है कि मैं जल सेवा में लगे कर्मचारियों के परिवार सुखी, संपन्न एवं स्वस्थ जीवन की कामना करता हूं। प्यासे कंठों को पानी पिलाना पुण्य का काम है, जिन्हे सेवा का अवसर मिला है वह उनका सौभाग्य है। जून में बारिश प्रारम्भ होने पर यह जल सेवा बंद हो जाएगी। जलसेवा के लिए सेवादारियों को संत सिद्धभाऊजी सम्मानित करेंगे। आशीर्वाद के रूप में सरोपे और श्रीफल दिया जाएगा। परसराम आसनानी, अध्यक्ष, रेल सुविधा संघर्ष समिति, संतनगर ने बताया कि स्टेशन पर ट्रेनों के स्टॉपेज का समय कम है। यात्री के लिए ट्रेन से उतरकर पानी भरना मुश्किलभरा होता है। इसलिए सालों पहले रेल सुविधा संघर्ष समिति ने गर्मियों में ट्रेन की खिड़की पर पहुंचकर यात्री को पानी पहुंचाने की शुरूआत की थी, जिसे संतजी के सेवादारों का साथ मिल रहा है।

## पेज एक से जारी खबरों के शेष...

### सामान्य संबंध के लिए...

कहा कि ग्लोबल साउथ के एक सदस्य के रूप में, किसी भी बहुपक्षीय सेटिंग में हमारी रुचि विविध आवाजों के बीच एक सेतु के रूप में काम करना और रचनात्मक और सकारात्मक एजेंडे में योगदान देना है। उल्लेखनीय है कि भारत ने दिसंबर में इंडोनेशिया से जी-20 की अध्यक्षता संभाली थी। इसके तुरंत बाद, जनवरी में, इसने 125 देशों को आकर्षित करते हुए वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ समिट का ऑनलाइन आयोजन किया जिसमें अधिक संतुलित प्रतिनिधित्व के लिए अंतरराष्ट्रीय निकायों में सुधार के लिए कई देशों की इच्छा पर जोर दिया गया। साक्षात्कार में मोदी ने भारत के अपने दो निकटतम पड़ोसियों - चीन और पाकिस्तान के साथ खराब संबंधों पर भी बात की। चीन के साथ हिमालयी सीमा पर जारी गतिरोध के बीच उन्होंने कहा, भारत अपनी संप्रभुता और सम्मान की रक्षा के लिए पूरी तरह से तैयार और प्रतिबद्ध है। सीमा पर तनाव ने समूचे द्विपक्षीय संबंधों को तनावपूर्ण कर दिया है, खासकर 2020 की झड़प के बाद से जिसमें 20 भारतीय और बड़ी संख्या में चीनी सैनिक मारे गए थे-दशकों में परमाणु-सशस्त्र पड़ोसियों के बीच पहली घातक लड़ाई हुई थी। मोदी ने कहा कि चीन के साथ सामान्य द्विपक्षीय संबंधों के लिए सीमावर्ती इलाकों में अमन-चैन जरूरी है। भारत-चीन संबंधों का भविष्य का विकास केवल आपसी सम्मान, आपसी संवेदनशीलता और आपसी हितों पर आधारित हो सकता है। भारत चीन संबंधों को 'सामान्य' करने से व्यापक क्षेत्र और दुनिया को लाभ होगा। पाकिस्तान के बारे में मोदी ने कहा कि नई दिल्ली 'सामान्य और पड़ोसी संबंध' चाहती है।

### अडाणी -हिंडनबर्ग विवाद...

अनुरूप है। सेबी अक्टूबर 2020 से 13 विदेशी संस्थाओं के स्वामित्व की जांच कर रहा है। समिति ने कहा, एफपीआई विनियमों के तहत सेबी की विधायी नीति, जिसमें लाभकारी मालिकों के प्रकटीकरण की आवश्यकता होती है, पीएमएलए के तहत आवश्यकताओं के अनुरूप थी। इसके अलावा, 2018 में, अपारदर्शी संरचना से निपटने का प्रावधान और एफपीआई को सक्षम होने की आवश्यकता थी। एफपीआई में आर्थिक हित के प्रत्येक मालिक की श्रृंखला के अंत में प्रत्येक अंतिम प्राकृतिक व्यक्ति का खुलासा करने के लिए, समाप्त कर दिया गया था। रिपोर्ट में कहा गया है, फिर भी, 2020 में, जांच और प्रवर्तन विपरीत दिशा में चले गए हैं, इसमें कहा है कि एक एफपीआई में आर्थिक हित के हर टुकड़े के अंतिम मालिक का पता लगाने में सक्षम होना चाहिए। इसके कारण सेबी अपने सर्वोत्तम प्रयासों के बावजूद, दुनिया भर में एक रिक्तता प्राप्त कर रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस तरह की जानकारी के बिना सेबी खुद को संतुष्टनहीं कर पा रहा है कि उसके संदेह को दूर किया जा सकता है। रिपोर्ट में कहा है, प्रतिभूति बाजार नियामक को गलत काम करने का संदेह है, लेकिन संबंधित नियमों में विभिन्न शर्तों का अनुपालन भी पाता है। समिति ने कहा कि उसने खुद को अपने बताए गए दायरे तक सीमित कर लिया है, यह पता लगाने के लिए कि क्या नियामक विफलता हुई है। उसका विचार है कि लेन-देन प्रभावी होने पर प्रचलित नियमों के संदर्भ में नियामक विफलता की खोज को वापस करना संभव नहीं होगा। इस साल 2 मार्च को शीर्ष अदालत ने सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति अभय मनोहर सप्रे की अध्यक्षता में विशेषज्ञ समिति का गठन किया इसमें ओपी भट्ट, न्यायमूर्ति जेपी देवधर (सेनि), केवी कामथ, नंदन नीलेकणि और अधिवक्ता सोमशेखर सुंदरेसन शामिल हैं।

### दो हजार रुपए...

लिया गया है। उसने कहा कि दो हजार रुपये के नोट हालांकि 30 सितंबर तकवैद्य मुद्रा बने रहेंगे। वर्ष 2013-14 में भी इसी तरह से प्रचलन के रुपये वापस लिये गये थे। उसने कहा कि दो हजार रुपये के नोट 30 सितंबर तक लोग बदल सकते हैं या जमा करा सकते हैं। 23 मई से एक बार में अधिकतम 20 हजार रुपये बदले जा सकेंगे। रिजर्व बैंक ने कहा कि बैंकों को दो हजार रुपये के नोट तत्काल प्रभाव से जारी नहीं करने की सलाह दी गयी है। बैंकों के लिए अलग से निदेशानिर्देश जारी किये गये हैं और 20 हजार रुपये तक के दो हजार रुपये के नोट बदलने की व्यवस्था उसके 19 क्षेत्रीय कार्यालयों में भी की गयी है।

### कर्नाटक में सिद्धारमैया...

है। कांग्रेस पार्टी की ओर से सिद्धारमैया के शपथ ग्रहण समारोह में तकरीबन 20 विपक्षी पार्टियों को न्योता भेजा गया है। बेंगलुरु के कांतीरवा स्टेडियम होने वाले इस भव्य शपथ ग्रहण समारोह को लेकर विपक्षी पार्टियों में भी काफी उत्साह नजर आ रहा है। बताया जा रहा है कि बिहार के सीएम और जेडीयू नेता नीतीश कुमार के साथ आरजेडी नेता तेजस्वी यादव भी इस शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे। इसके साथ ही झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन ने भी कार्यक्रम में शामिल होने को लेकर हामी भर दी है। बिहार और झारखंड दोनों ही राज्यों में कांग्रेस गठबंधन सरकार का हिस्सा है। पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी शनिवार को होने वाले शपथ ग्रहण समारोह में शामिल नहीं होंगी। हालांकि, उनकी पार्टी टीएमसी की ओर से उनकी प्रतिनिधि काकोली घोष दस्तीदार इस कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए बेंगलुरु जाएंगी। वैसे ममता बनर्जी ने कर्नाटक के होने वाले सीएम सिद्धारमैया को शुभकामनाएं दी हैं। कांग्रेस की ओर से नेशनल कॉन्फ्रेंस, पीडीपी, समाजवादी पार्टी, आरएलडी, जेडीयू, आरजेडी, सीपीआई एमएल, सीपीएम, सीपीआई, टीएमसी, जेएमएम, शिवसेना, एनसीपी, डीएमके, एमडीएमके, वीसीके, केरल कांग्रेस, आईयूएमएल, आरएसपी को शपथ ग्रहण समारोह का निमंत्रण मिला है। शपथ ग्रहण समारोह आम आदमी पार्टी, बीएसपी, बीआरएस और बीजेडी, एआईएमआईएम, वाइएसआरसीपी, टीडीपी, एआईयूडीएफ, आईएनएलडी और जेडीएस जैसे विपक्षी दलों को न्योता नहीं दिया गया है।

# लाइफ लाइन का शत प्रतिशत रहा परिणाम



भोपाल (हिनप्र)।

लाइफ लाइन पब्लिक स्कूल की तीनों शाखाओं का पांचवीं, आठवीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। संतनगर, फंदा कला और बैरागढ़ कला के बच्चों ने बेहतर प्रदर्शन किया है। आठवीं में नवीन मेवाड़ा ने 77 और यशिका माहेश्वरी ने 72 और हर्षिता विश्वकर्मा ने 76 फीसदी अंक अर्जित किए हैं। वहीं पांचवीं में रितिका विश्वकर्मा 65 और किंजिल अहिरवार ने 65 फीसदी अंक हासिल किए हैं। विद्यालय प्रबंधन ने विद्यार्थियों को बधाई दी है।